बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

शुद्धि–पत्र/आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या–26/2023, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक– 24.08.2023 से 26.08.2023 तक दो बैठकों (प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली) में निम्नांकित कार्यक्रमानुसार राज्य स्थित सभी जिलों में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी :–

परीक्षा की तिथि	प्रथम पाली (10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक)	द्वितीय पाली (03.30 बजे अपराह्न से 05.30 बजे अपराह्न तक)
24.08.2023 (गुरूवार)	सामान्य अध्ययन (वर्ग–1 से 5 तक के महिला अभ्यर्थियों को छोड़कर शेष सभी अभ्यर्थियों के लिए)	सामान्य अध्ययन (वर्ग–1 से 5 तक के महिला अभ्यर्थियों के लिए)
25.08.2023 (शुक्रवार)	भाषा (अर्हता) (महिला अभ्यर्थियों को छोड़कर शेष सभी अभ्यर्थियों के लिए)	भाषा (अर्हता) (सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए)
26.08.2023 (शनिवार)	सामान्य अध्ययन एवं विषय (वर्ग–9 से 10 तक के सभी अभ्यर्थियों के लिए)	सामान्य अध्ययन एवं विषय (वर्ग–11 से 12 तक के सभी अभ्यर्थियों के लिए)

नोटः– प्राथमिक विद्यालय के मूल कोटि वर्ग 1–5 तक के विद्यालय अध्यापकों के लिए उर्दू/बांग्ला विषय पद चयनित करने वाले अभ्यथियों को दिनांक–25.08.2023 को आयोजित होने वाली भाषा–विषय में उर्दू/बांग्ला विकल्प चयनित करते हुए उत्तर दर्ज करना है।

उक्त परीक्षा के लिए दिनांक–10.08.2023 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी।

1. अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटाग्राफ (25 kb) अपने Dashboard में Login के उपरांत अपलोड करेंगे एवं उसके बाद ही प्रवेश–पत्र डाउनलोड होगा। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड के रूप में दर्ज होगा, जिसमें केन्द्र कोड (Centre Code) एवं जिला का नाम अंकित रहेगा।
2. सभी अभ्यर्थी प्रति पाली प्रवेश–पत्र की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक– 21.08.2023 से उपलब्ध करायी जायेगी।
4. दिनांक 10.08.2023 से परीक्षा के 4 दिन पूर्व तक अर्थात दिनांक– 20.08.2023 तक प्रवेश–पत्र निश्चित रूप से डाउनलोड कर लेंगे।
5. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Answer Sheet को सील बंद कराने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेगें।
6. उक्त विज्ञापन की कंडिका–6 चयन प्रक्रिया–(i) लिखित परीक्षा के विभिन्न कोटि के उम्मीदवारों के लिए अर्हतांक के संबंध में उल्लेखित किया गया है कि – "कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प ज्ञापांक संख्या–2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक 6706, दिनांक 01.10.2008 के अनुसार लिखित परीक्षा में शामिल सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 40%, पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 36.5%, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 34% एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महिलाओं तथा निःशक्त दिव्यांग उम्मीदवारों को 32% न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा वे परीक्षा से बाहर हो जायेंगे" के साथ निम्नलिखित संशोधन "परन्तु कुल रिक्तियों अथवा कुल अभ्यर्थी दोनों में से जिसकी संख्या कम हो उसके कम से कम 75% तक (निम्नतर पूर्णांक में) अनुशंसा भेजने हेतु आवश्यकतानुसार उक्त अर्हतांक अभ्यर्थी हित में इस हद तक शिथिल रहेगा" को सम्मिलित किया जाता है।
7. पूर्व में दिनांक–30.05.2023 को प्रकाशित विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाय, अन्य शेष शर्तें यथावत रहेगी।

9.8.2023

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना